बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 48 दिनांक 31/10/2007

सेवा में,

सचिव,
कार्मिक एंव प्रशासनिक सुधार विभाग,
बिहार, पटना ।

विषयः– श्री विजय कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, परसौनी, सीतामढ़ी को सरकार द्वारा प्रोन्नत पद पर योगदान करने हेतु विरमित करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक श्री विजय कुमार, वि०प्र०से० का अभ्यावेदन से वस्तु स्थिति स्पष्ट होगी। श्री कुमार को वरीय वेतनमान में प्रोन्नत करते हुये कार्मिक एंव प्रशासनिक सुधार विभाग कीअधिसूचना सं०–3393, दिनांक–14–8–2007 के द्वारा निदे लेखा प्रशासन एंव स्वनियोजन, सुपौल किया गया है, परन्तु जिला पदाधिकारी, सीता द्वारा अब तक विरमित नहीं किये जाने के कारण इन्होंने अपने प्रोन्नत पद पर योगद नहीं किया है।

अतः संघ का यह अनुरोध होगा कि श्री कुमार को विरमित करने हे जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी को आदेश देने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

31/10/07

(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव ,

सेवा में,

सचिव,
कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

विषय : प्रोन्नत पद पर योगदान हेतु विरमित नहीं करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

सादर सूचित करना है कि कार्मिक विभाग की अधिसूचना संख्या 6353 दिनांक 19.06.07 द्वारा मेरी प्रोन्नति अनुमंडल पदाधिकारी एवं समकक्ष स्तर में हो गई। तदउपरान्त पुनः मुझे ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 04.08.07 को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी परसोनी, सीतामढ़ी के रूप में निम्न वेतनमान के कनीय पद पर पदस्थापित कर दिया गया। वर्तमान में मै प्रखण्ड विकास पदाधिकारी परसोनी, सीतामढ़ी में ही विगत 3 माह से बिना वेतन के 08.08.07 से योगदान कर कार्यरत हूँ।

पुनः कार्मिक विभाग की अधिसूचना सं० 3393 दिनांक 14.08.07 द्वारा मेरा पदस्थापन, निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, डी०आर०डी०ए०, सुपौल कर दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग ने भी अधिसूचना सं० 8847 दिनांक 20.09.07 द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी परसौनी, सीतामढ़ी में मेरे स्थान पर अन्य पदाधिकारी का पदस्थापन कर दिया।

मेरे पिताजी कैंसर रोग से पीड़ित हैं तथा गंभीर रूप से बीमार हैं। सुपौल से मेरा घर 50 कि.मी. की दूरी है। वहाँ से मैं अपने वृद्ध पिता, जो गंभीर रूप से बीमार हैं का अंतिम दिनों में बेहतर देखभाल कर सकूँगा।

मेरे द्वारा बार-बार अनुरोध करने के बाद भी जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी द्वारा मुझे सुपौल के लिए विरमित नहीं किया जा रहा है। चार माह से वेतन के अभाव में काफी कठिनाई में हूँ। विदित हो कि प्रोन्नत पद पर योगदान की तिथि से हीं मुझे प्रोन्नति का लाभ देय होगा।

अतः श्रीमान् से सादर अनुरोध है कि मुझे सुपौल के लिए तुरंत विरमित करने हेतु जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी को भवदीय स्तर से भी निदेश देने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

विजय कुमार
30.10.07

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
परसौनी, सीतामढ़ी